Regarding setting up of Trauma centre in Delhi-Dehradun and all other National Highways for timely treatment of accident victims

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : धन्यवाद सभापति महोदया । आपने मुझे लोक महत्व के मुद्दे पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया । मैं इस सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान बागपत लोक सभा क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर ट्रॉमा सेंटर की अत्यंत आवश्यकता की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । यह मार्ग ट्रायल-रन के लिए खोला गया है, जिसमें भारी संख्या में वाहनों का आवागमन रहा है । यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्र से ज्यादा जुड़ा हुआ है । लेकिन ट्रायल के दौरान ही बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमान होने के कारण दुर्घटनाएं हुई हैं ।

महोदया, इस रूट पर ट्रॉमा सेंटर नहीं है, जिसकी वजह से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों के उपचार में दिक्कतें हुई हैं । कई लोगों की जान इसमें जा चुकी है । वर्तमान में इस पूरे मार्ग पर किसी भी आधुनिक ट्रॉमा सेंटर की उपलब धता नहीं है । इसके कारण लोगों को दूरस्त अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है । अत: मेरा सरकार से निवेदन है कि वह दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रायल के दौरान भारी ट्रैफिक को देखते हुए तत्काल एक अत याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए बजट दें, ताकि आने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान हो और दुर्घटनाग्रस्त पीड़ितों की जान बचायी जा सके ।

महोदया, मैं एक और मांग आपके माध्यम से सरकार से करना चाहता हूं कि जो भी राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये जा रहे हैं, उनके साथ में ही ट्रॉमा सेंटर की आवश्यकता है, ताकि लोगों को दुर्घटना से तत्काल राहत मिल सके और उनकी जान बच सके । यह कानून बनना चाहिए । धन्यवाद ।